उद्यमी मित्रों का सेलेक्शन प्रोसीजर पूरा, रिजल्ट जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

निवेश में आ रही समस्याओं के निस्तारण में उद्यमी मित्र निभाएंगे प्रमुख भूमिका

देश और विदेश के उद्यमियों की समस्याओं और उनके समाधान के लिए प्रदेश सरकार उद्यमी मित्रों की नियुक्ति कर रही है। इन उद्यमी मित्रों की चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 105 उद्यमी मित्रों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। यह रिजल्ट इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट पर जाकर उद्यमी मित्र के सेक्शन पर क्लिक करके एक पेज ओपेन होगा, जिस पर रिजल्ट को डाउनलोड किया जा सकता है।

उद्यमी मित्रों का सेलेक्शन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। जल्द ही सभी 105 उद्यमी मित्रों को जनपदों और इन्वेस्ट यूपी कार्यालय एवं मुख्यालय पर नियुक्ति दे दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश में हुए 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू को धरातल पर उतारने और उद्यमियों की सहायता के लिए उद्यमी मित्र नियुक्त करने का निर्णय लिया था।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अधीन नोडल संस्था इन्वेस्ट यूपी द्वारा इन उद्यमी मित्रों की नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरा किया गया है। मालूम हो कि प्राप्त आवेदनों को वरिष्ठ अधिकारियों की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा वेरिफिकेशन के बाद उद्यमी मित्रों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न होने के बाद 16 अप्रैल को इसके परिणाम घोषित किए गए थे, जिसमें 350 अभ्यर्थी चयनित हुए थे। वहीं 18 अप्रैल से सेलेक्टेड कैंडिडेट्स के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया शुरू की गई, जो 8 मई तक चली।

साक्षात्कार एवं कंप्यूटर टेस्ट के लिए भी एसओपी बनाई गई थी, जिसमें रिक्तियों की संख्या के तीन गुणा अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। साक्षात्कार के लिए 25 अंक व कंप्यूटर टेस्ट के लिए 10 अंक निर्धारित किए गए थे। वहीं आईआईटी कानपुर, आईआईएम लखनऊ या एकेटीयू लखनऊ जैसे प्रदेश के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों द्वारा प्रश्न पत्र तैयार करके कंप्यूटर टेस्ट की परीक्षा ली गयी थी। उद्देश्य कथन (स्टेटमेंट ऑफ पर्पज) को साक्षात्कार में मूल्यांकित किया गया। साक्षात्कार के समय ही अभ्यर्थियों द्वारा अपने समस्त शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों को मूल रूप में प्रस्तुत किया गया।